दिन– शुक्रवार दिनांक– 15 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्र आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सैन्य बलों के साहस और शौर्य का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश के हर नागरिक में आक्रोश था और ऑपरेशन सिंदूर उनके आक्रोश की ही अभिव्यक्ति थी। उन्होंने कहा कि भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए हथियार प्रणाली – सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में देश की प्रगति का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि वे किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए मुस्तैदी से डटे हैं और देश उनके हितों के साथ कभी कोई समझौता नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रूपये की लागत वाली रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत नवनियुक्त युवाओं को पन्द्रह हजार रूपये प्रतिमाह मिलेंगे। इस योजना से देश के तीन करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने आगामी दीपावली तक नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार शुरू किए जाने की घोषणा की। इसका उद्देश्य रोजमर्रा की वस्तुओं पर कर की दरें कम करना है। श्री मोदी ने कहा कि वर्ष के अंत तक भारत सेमी कंडेक्टर चिप का निर्माण शुरू करेगा जो भारत की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। स्वाधीनता दिवस समारोह राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ और अंत में राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों वाले गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

———————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अगले पांच वर्ष में नौकरी और रोजगार के एक करोड़ अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री

ने बिहार लोक सेवा आयोग और अन्य परीक्षा संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारंभिक चरण की फीस कम कर मात्र सौ रूपये करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि अब मुख्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। श्री कुमार ने किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय और अरवल जिले में नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की भी घोषणा की।

———————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में झंडोत्तोलन किया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली ने ध्वजारोहण किया। आकाशवाणी पटना में सहायक निदेशक–अभियांत्रिकी उदय शंकर ने झंडोत्तोलन किया। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और संस्थाओं के कार्यालयों में भी इस अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला मुख्यालयों में आयोजित समारोह में प्रभारी मंत्रियों ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————

जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में शहीद हुये सेना के हवलदार अंकित कुमार का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भागलपुर जिले के चापर में किया गया। बाढ़ प्रभावित इलाका होने के बावजूद उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।